आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–05 मई 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की कृषि विभाग के कार्यों की समीक्षा, कहा– कृषि जीविका के साथ समृद्धि और आत्मनिर्भरता का भी बनेगी आधार।
- प्रदेश के सभी जनपदों में आज से चलेगा मृदा नमूना संकलन अभियान, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा– मृदा की सेहत सुधारने के लिए बेहतर रणनीति बनाने में मिलेगी मदद।
- भारत के पहले वेव्स सम्मेलन का कल मुंबई में हुआ समापन। सूचना और प्रसारण सचिव ने कहा– निवेश, व्यापार, कला और संस्कृति के लिए अविश्वसनीय मंच बना यह सम्मेलन।
- प्रदेश के कई जनपदों में हुई बारिश से बदला मौसम का मिजाज, मौसम विभाग ने आज और कल बीस से अधिक जनपदों में गरज–चमक के साथ बारिश की जताई संभावना।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ लखनऊ में बैठक कर कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के प्रगति की समीक्षा की। श्री योगी ने कहा कि नए भारत के नए उत्तर प्रदेश में कृषि केवल जीविका नहीं, बल्कि समृद्धि और आत्मनिर्भरता का आधार बनेगी। पेश है एक रिपोर्ट–

**बीज की गुणवत्ता और उपयुक्तता पर विशेष जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने किसानों को रियायती दर पर बीज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने उत्तर प्रदेश बीज विकास निगम को किसानों से बीज खरीद की धनराशि बढ़ाने और संसाधित बीजों की उपलब्धता सुनिश्चित करने को भी कहा। उन्होंने कृषि यंत्रों पर मिलने वाली सब्सिडी की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने पर बल दिया। 'श्री अन्न' को लेकर विशेष उत्साह जताते हुए मुख्यमंत्री ने प्राकृतिक खेती के प्रसार को लेकर भी गम्भीरता जताई और कहा कि जैविक उत्पादों के प्रमाणीकरण की प्रभावी व्यवस्था विकसित की जाए, जिससे किसानों को बेहतर बाजार मूल्य मिल सके। समाचार कक्ष से सुषमा कुकरेती।**

पशुपालन एवं दुग्ध विकास विभाग की एक अन्य समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने निराश्रित गोवंश संरक्षण केंद्रों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ठोस प्रयास करने के निर्देश दिये। श्री योगी ने कहा कि पशुपालन और दुग्ध विकास प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार है। यह क्षेत्र केवल दुग्ध उत्पादन तक सीमित नहीं, बल्कि इसमें आजीविका, पोषण सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण की भी व्यापक संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि तकनीक, निवेश और नवाचार को बढ़ावा देते हुए इस क्षेत्र को और सशक्त किया जाना चाहिए।

**********

प्रदेश सरकार ने बाढ़ नियंत्रण को लेकर गोरखपुर, श्रावस्ती, अमेठी, सीतापुर, आजमगढ़, गाजीपुर और बुलंदशहर समेत कई जिलों में बाढ़ सुरक्षा के व्यापक उपायों के लिए 200 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इसके साथ ही बरसात से पहले ही पुख्ता तैयारियों के लिए शासन ने सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग को सख्त निर्देश जारी किए हैं। एक रिपोर्ट–

**राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि राज्य पोषित और नाबार्ड पोषित योजनाओं के तहत इन परियोजनाओं में आरसीसी पिलर, तटबंधों की मरम्मत, कटाव रोकने वाले कार्य और पम्पिंग स्टेशनों के निर्माण शामिल हैं। उन्होंने बताया कि प्रमुख अभियंता एवं विभागाध्यक्ष को पत्र भेजकर निर्देश दिए गए हैं कि सभी कार्य युद्धस्तर पर पूरे किए जाएं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट किया है कि इस मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समाचार कक्ष से विवेक सिंह।**

**********

प्रदेश के सभी जनपदों में आज से विशेष मृदा नमूना संकलन अभियान संचालित किया जायेगा। कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने बताया कि इस अभियान के तहत मृदा के स्वास्थ्य को सुधारने के लिए बेहतर रणनीति बनाई जा सकेगी और किसानों को इस संबंध में विशेष जानकारी दी जा सकेगी। कृषि मंत्री ने बताया कि मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना के तहत इस साल प्रदेश की 16 हजार 520 ग्राम पंचायतों को संतृप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

***हम इस अभियान के अंतर्गत जो हमारा लक्ष्य रहा है, उस लक्ष्य के अनुसार हम लोगों ने यह लक्ष्यरखा था कि 11,56,000 सैंपल हम किसानों के खेतों से इकट्ठा करेंगे। उसमें से उन तीन तारीखों के भीतर 3,60,000 सैंपल इकट्ठा हो गए। अब जो शेष बचा है, कल उसको शत प्रतिशत पूरा किये जाने के लक्ष्य को लेकर के बृहद अभियान चलाया जा रहा है।***

**********

प्रदेश सरकार के छह आईएएस अधिकारियों की तैनाती में फेर बदल किया है। इसमें आईएएस ए. दिनेश कुमार को प्राविधिक शिक्षा विभाग के विशेष सचिव से हटाकर विशेष सचिव गृह विभाग बनाया गया है। इसी तरह आईएएस अविनाश सिंह को प्राविधिक शिक्षा के महानिदेशक के साथ–साथ प्राविधिक शिक्षा विभाग में सचिव पद का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। आईएएस बृजराज सिंह यादव को

कृषि उत्पादन आयुक्त शाखा का विशेष सचिव के स्थान पर अपर भूमि व्यवस्था आयुक्त, राजस्व परिषद लखनऊ के रूप में नई जिम्मेदारी दी गई है। आईएएस विनोद कुमार को नगर आयुक्त, अलीगढ़ से स्थानान्तरण करते हुए प्राविधिक शिक्षा विभाग में विशेष सचिव पद पर तैनात किया गया है। आईएएस प्रेम प्रकाश मीणा को मुख्य विकास अधिकारी उन्नाव से नगर आयुक्त अलीगढ़ का पद सौंपा गया है। वहीं आईएएस कृति राज को संयुक्त मजिस्ट्रेट फिरोजाबाद से मुख्य विकास अधिकारी उन्नाव के पद पर स्थानान्तरण किया गया है।

**********

भारत का पहला वेव्स सम्मेलन कल मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में संपन्न हो गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था। इस अवसर पर सूचना और प्रसारण सचिव संजय जाजू ने कहा कि वेव्स में शामिल प्रत्येक क्रिएटर बेहतर कलाकार बना है। श्री जाजू ने आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में कहा कि वेव्स सम्मेलन निवेश, व्यापार, कला और संस्कृति के लिए एक अविश्वसनीय मंच रहा है।

**अपने आप में स्मरणीय रहा है और न केवल इन्टरनेशनल पार्टीशिपेशन बहुत जोरदार था। साथ ही साथ बिजनेस भी बहुत हुआ है। इन्वेस्टमेंट एनाउन्समेंट्स हुए हैं वेव्स बाजार में खरीद–फरोख्त हुई है। वर्ल्ड की टॉप मीडिया इन्टरटेनमेंट कम्पनी ने यहां पर शामिल रही। कल्चरल प्रोग्राम बहुत अच्छे रहे। अपने आप में एक पीपुल्स वेव्स बन कर निकल के आया है यह पहला एडिशन।**

**********

गौतमबुद्ध नगर में कल रन फॉर वन नेशन, वन इलेक्शन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में महिला पुरुष और बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि देश में एक साथ चुनाव होना चाहिए ताकि देश की प्रगति और विकास बाधित न हो। उन्होंने कहा कि लगातार होने वाले चुनाव विकसित भारत के निर्माण में, देश की प्रगति और विकास में आज सबसे बड़ी बाधा बन गए। कार्यक्रम में शामिल रहे भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने कहा कि पूरे देश में जन–समर्थन के लिए वन नेशन वन इलेक्शन का आयोजन किया जा रहा है।

**********

लखनऊ में कल उद्यमी समाधान दिवस का आयोजन किया जायेगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य उद्यमियों की समस्याओं का समाधान करना है। उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा उद्यमियों को निर्बाध सहायता प्रदान करने के लिए 36 ऑनलाइन ई–सर्विसेज उपलब्ध कराई जाएंगी। इन सेवाओं के माध्यम से भूमि आवंटन से लेकर उत्पादन प्रारंभ होने तक की प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बनाया गया है।

**********

देश भर में कल मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिये नीट यूजी परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गई। यह परीक्षा देश में पांच हज़ार से ज्यादा केंद्रों पर और विदेश में 13 शहरों में आयोजित की गई। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए के अनुसार, परीक्षा के लिए 22 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया था।

**********

प्रदेश में पूर्वांचल के कई जनपदों में कल तेज आंधी के साथ बारिश होने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग ने आगामी तीन दिनों के दौरान लखनऊ सहित बीस से अधिक जिलों में तेज आंधी और बारिश के साथ बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है। इस दौरान अधिकतम तापमान में पांच से छह डिग्री सेल्सियस की गिरावट होगी।

**********

आईपीएल क्रिकेट के तहत कल खेले गए दो अहम मुकाबलों में कोलकाता नाइटराइडर्स और पंजाब किग्स ने अपने अपने मैच जीते। ईडन गार्डन में खेले गए पहले मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स ने राजस्थान रॉयल्स को रोमांचक मुकाबले में एक रन से पराजित किया। वहीं, धर्मशाला में खेले गए मैच में पंजाब किंग्स ने लखनऊ सुपर जॉयटस को 37 रनों से पराजित किया।

**********